# साढ़े चार साल में उत्तर प्रदेश बना देश की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था : भूपेंद्र

## अमर उजाला संवाद कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री ने कहा, योजनाओं के क्रियान्वयन में यूपी नंबर वन

अमर उजाला ब्यूरो

**मुरादाबाद।** प्रदेश के पंचायती राज मंत्री चौधरी भूपेंद्र सिंह ने कहा कि कभी 'बीमारू' राज्य की श्रेणी में आने वाला उत्तर प्रदेश साढ़े चार साल में देश की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। केंद्र की योजनाओं के क्रियान्वयन में यूपी को फर्श से अर्श तक पहुंचाया है। अब योजनाओं का लाभ देने में उत्तर प्रदेश पहले स्थान पर है। अपना प्रदेश उत्तम प्रदेश की राह पर दौड़ पड़ा है। आगामी दिनों में मुरादाबाद में रिंग रोड बनाया जाएगा। विश्वविद्यालय की भी स्थापना होगी।

वह बुधवार को अमर उजाला की ओर से आयोजित संवाद कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। पंचायत भवन सभागार में 'मिशन रोजगार एवं मंडल का विकास' विषय पर चर्चा करते हुए कैबिनेट मंत्री भूपेंद्र सिंह ने कहा कि योगी आदित्यनाथ के मुख्यमंत्री बनने के बाद आम जनता से जुड़े विषयों पर तेजी से काम हुआ। साढ़े चार वर्षों में देश में महाराष्ट्र के बाद उत्तर प्रदेश सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में स्थापित हुआ है। एमएसएमई हो या प्रधानमंत्री आवास योजना, या फिर किसान सम्मान निधि योजना हर योजना के क्रिन्यावयन में उत्तर प्रदेश पहले स्थान पर है। वर्ष 2014 में शुरू किए गए स्वच्छ भारत मिशन की प्रगति 2017 तक यूपी में खराब रही, लेकिन 2017 के बाद शौचालय निर्माण में तेजी आई। अब शौचालय निर्माण में यूपी नंबर एक पर है।




मुरादाबाद के पंचायत भवन सभागार में अमर उजाला संवाद में संबोधित करते पंचायती राज मंत्री चौधरी भूपेंद्र सिंह। संवाद

**मिशन रोज़गार**

उन्होंने कहा कि प्रयागराज में अर्द्धकुंभ का सफल आयोजन किया गया। अयोध्या को विश्व स्तरीय पर्यटन के रूप में स्थापित किया जा रहा है। दीपावली पर अयोध्या में भव्य दीपोत्सव, काशी विश्वनाथ धाम का विकास, कुशीनगर में अंतरराष्ट्रीय स्तर के एयरपोर्ट की शुरुआत करके विकास को नया आयाम दिया गया है। सत्तर वर्षों में प्रदेश में 12 मेडिकल कॉलेज ही थे।

साढ़े चार साल में सरकार ने प्रदेश में तीस मेडिकल कॉलेज सक्रिय करने का काम किया। आज सरकारी मेडिकल कॉलेजों में चार हजार से अधिक एमबीबीएस की सीटें उपलब्ध हैं। प्रदेश में तीन नए विश्वविद्यालय, 194 महाविद्यालय, 51 नए राजकीय महाविद्यालय, 28 इंजीनियर कॉलेज, 771 कस्तूरबा विद्यालय स्थापित किए गए।

कैबिनेट मंत्री ने कहा कि नोएडा में फिल्म सिटी और नई चीनी मिलों की शुरुआत रोजगार के अवसर बढ़ाएगी। पिछली सरकारों में चीनी मिलों को बेचने का काम किया गया। प्रदेश में 13 नए हवाई अड्डे, आठ हवाई पट्टी विकसित किए गए। पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे और बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे का निर्माण अंतिम दौर में है। इनसे भी विकास और रोजगार के अवसर बढ़ेंगे।